दूरभाष:26175176
फैक्स: 26162093

संख्या-15/2/2016/उ.नि.(परीक्षा)/ 3571

भारत सरकार

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

हिंदी शिक्षण योजना

उप निदेशक (परीक्षा) का कार्यालय

पूर्वी खंड-7, तल-6, रामकृष्णपुरम,
नई दिल्ली-110066

दिनांक: 9.9.2016

सेवा में,

निदेशक/संयुक्त निदेशक/सभी उप निदेशक/सर्वकार्यभारी अधिकारी,
हिंदी शिक्षण योजना/केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय, विभाग, सम्बद्ध अधीनस्थ कार्यालय/
उप निदेशक (कार्यान्वयन) एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,
सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रम/निगम/बैंक/कंपनी कार्यालय।

विषयः-**हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि परीक्षा जनवरी, 2017 के लिए आवेदन-पत्रों तथा समय-सारणी का प्रेषण।**

महोदय,

हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अंतर्गत केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों, निकायों आदि के कर्मचारियों के लिए हिंदी टंकण तथा हिंदी आशुलिपि के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते है। इसके अंतर्गत आयोजित होने वाली हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि परीक्षा के **जनवरी, 2017 के** लिए आवेदन-पत्र (परीक्षा फार्म) इस कार्यालय में प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05.10.2016 है।

<u>आवेदन-पत्र निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं तथा वहीं जमा कराए जा सकते हैं:-</u>

| | |
|---|---|
| (1) उप निदेशक (मध्योत्तर)<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>पूर्वी खंड-7, तल-6,<br>रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066 | दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरांचल तथा चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए। |
| (2) उप निदेशक (दक्षिण)<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>ई-3, सी ब्लॉक, राजाजी भवन,<br>बेसन्ट नगर, चेन्नै-600090 | तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल तथा पांडिचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए। |
| (3) उप निदेशक (पूर्व)<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>18वां तल, निजाम पैलेस परिसर,<br>234/4, आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड,<br>कोलकाता-700020 | पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, अंडमान-निकोबार केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए। |

...2/-

(4) उप निदेशक (पश्चिम)
हिंदी शिक्षण योजना,
केंद्रीय सदन, सी. विंग,
छठा माला, सी.बी.डी., बेलापुर,
नवीं मुंबई-400614

महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, गोवा, दमन दीव, दादरा, नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए।

(5) उप निदेशक (पूर्वोत्तर)
हिंदी शिक्षण योजना,
पू.सी.रेलवे मुख्यालय,
मालीगांव, गुवाहाटी-।। (असम)

असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम तथा त्रिपुरा राज्यों में स्थित कार्यालयों के लिए।

आवेदन पत्र chti.rajbhasha.gov.in वेबसाइट से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

2. आवेदन-पत्र क्षेत्रीय उप निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना के माध्यम से ही भेजे जाएँ। कृपया अपने क्षेत्र के सभी कार्यालयों/उपक्रमों/निगमों/निकायों आदि को भी अवगत करवाने की व्यवस्था करें।

3. क्षेत्रीय उप निदेशक/सर्वकार्यभारी अधिकारी, हिंदी शिक्षण योजना का कार्यालय जहाँ पर नहीं हैं, वहाँ आवेदन-पत्र कार्यालय के सक्षम अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से भेजें। **इन आवेदन-पत्रों में 2 या 3 निकटस्थ शहरों के नामों का उल्लेख अवश्य करें, जहाँ से आवेदक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं अन्यथा परीक्षा स्कंध द्वारा आबंटित केंद्रों पर परीक्षा में शामिल होना होगा।**

4. जिन शहरों के कार्यालयों से टंकण/आशुलिपि परीक्षा के लिए **कम-से-कम 10 आवेदन-पत्र, पर्याप्त मशीनों /** कंप्युटरों की उपलब्धता (मैनुअल/कंप्यूटर) के साथ प्राप्त होंगे, वहीं परीक्षा केंद्र बनाने पर विचार किया जाएगा। इसलिए मशीनों कंप्युटरों की संख्या का उल्लेख करना आवश्यक है। आवेदन-पत्र परीक्षार्थियों द्वारा विधिवत भरे जाएँ। आवेदन-पत्रों के साथ **नॉमिनल रोल की दो-दो प्रतियाँ टंकण, आशुलिपि तथा पूरक परीक्षा के लिए अलग-अलग तैयार करके भेजी जाएँ।**

5. उपक्रम/निगम/निकायों आदि के कार्यालय अध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने सभी प्रशिक्षार्थियों के लिए एक पाठ्यक्रम हेतु एक समेकित बैंक ड्रॉफ्ट प्रस्तुत करें और ड्रॉफ्ट का पूर्ण विवरण प्रशिक्षार्थियों के नाम के सामने नॉमिनल रोल एवं फार्म में अवश्य उल्लेख करें। **परीक्षा शुल्क का बैंक ड्रॉफ्ट (रुपये 100/-) प्रति परीक्षार्थी के हिसाब से भेजा जाए। बैंक ड्रॉफ्ट उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली के नाम बनवाया जा सकता है।**

6. <u>परीक्षा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक की **website** www.onlinesbi.com पर निम्नलिखित स्टैप्स अपनाते हुए ऑनलाइन भी जमा करवाया जा सकता है । ऑनलाइन द्वारा भुगतान की गई राशि की पावती रसीद की फोटोप्रति उप निदेशक(परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली कार्यालय में भेजना अनिवार्य है ।</u>

<u>टंकण एवं आशुलिपि परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फीस जमा करने के स्टैप्स</u>

1.सबसे पहले State Bank of India की **website** www.onlinesbi.comमें **State Bank Collect** नामक उपशीर्षक पर जाएँ।

या

State Bank of India की **website** www.onlinesbi.comपर मुख्य शीर्षक State Bank of India पर क्लिक करने पर **State Bank Collect** नामक उपशीर्षक पर क्लिक करें एवं सभी शर्तों को स्वीकार करते हुए Proceed करें।

↓

2. **State Bank Collect**पेज पर **State of Corporate/Institution**में **All India** Select करें तत्पश्चात् **Type of Corporate/Institution**में **Govt. Department** Select करें एवं **GO** को **क्लिक** करें ।

↓

3. **Govt.Department Name**में **HINDI TEACHING SCHEME, DEPT.OF OFFICIAL LANGUAGE MHA** को **SUBMIT** करें ।

↓

4. **Select Payment Category** में **Hindi Teaching Scheme Select** करें । **Select** करते ही एक फार्म खुल जाएगा ।

↓

5. इस फार्म को भरने के पश्चात **Submit** करें । **Submit** करने के बाद अपने भरे हुए विवरण को **Confirm** कर **Payment** करें ।

↓

6. Payment करने के बाद Receipt के प्रिंट की फोटोप्रति उप निदेशक (परीक्षा) का कार्यालय, हिंदी शिक्षण योजना,पूर्वी खंड-7, तल-6, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066 को भेजें।

...4/-

7. जनवरी, 2017 की हिंदी टंकण/आशुलिपि परीक्षा, जो परीक्षार्थी मैनुअल या कंप्यूटर पर देंगे, उनके प्रमाण-पत्रों पर भी मैनुअल/कंप्यूटर का उल्लेख किया जाएगा, इसलिए आपसे अनुरोध है कि परीक्षार्थियों के आवेदन-पत्रों पर भी मैनुअल/कंप्यूटर का लाल स्याही से उल्लेख अवश्य करें तथा उनके आवेदन-पत्र व नॉमिनलरोल भी तदनुसार अलग-अलग तैयार करें।

8. कृपया इस पर विशेष ध्यान दें कि परीक्षा केंद्र का नाम, केंद्र अधीक्षक का नाम, मशीनों की कुल संख्या दिए गए प्रोफार्मा में भरकर आवेदन-पत्रों तथा प्रेषण पत्र के साथ ही दिनांक 5.10.2016 तक अवश्य भेज दें ताकि परीक्षा केंद्र बनाने में सुविधा हो तथा तदनुसार बैच बनाए जा सकें।

| परीक्षा केंद्र का नाम, पूरा डाक का पता पिन कोड सहित | केंद्र अधीक्षक का पूरा नाम, कार्यालय का पूरा डाक पता फोन नं. सहित | परीक्षार्थियों की संख्या टंकण/आशुलिपि मैनुअल/कंप्यूटर | मशीनों की संख्या मैनुअल/कंप्यूटर |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| | | | |

9. परीक्षा संचालन के लिए जहाँ तक संभव हो सके परीक्षा केंद्र अधीक्षक (मुख्य पर्यवेक्षक) हिंदी शिक्षण योजना के बाहर, किसी राजपत्रित अधिकारी को ही बनाया जाए, क्योंकि हिंदी शिक्षण योजना/के.हि.प्रं संस्थान के सहायक निदेशकों, प्राध्यापकों को परीक्षाओं में पर्यवेक्षण कार्य करने का पारिश्रमिक/मानदेय नहीं दिया जाएगा। हिंदी आशुलिपि परीक्षा में योजना के सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) को केवल डिक्टेशन देने का कार्य दिया जा सकता है।

10. हिंदी टंकण परीक्षा जुलाई, 2016 में एक प्रश्न-पत्र में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी को केवल जनवरी, 2017 की परीक्षा में पूरक परीक्षार्थी के रूप में बैठने की अनुमति होगी। ऐसे परीक्षार्थियों को भी अपना आवेदन-पत्र समय से इस कार्यालय में भिजवाना होगा। **आवेदन-पत्र पर अपना जुलाई, 2016 का पुराना अनुक्रमांक, सत्र और पूरक जिस प्रश्न-पत्र में परीक्षा देनी है, का लाल स्याही से उल्लेख होना चाहिए** अन्यथा आवेदन-पत्र रद्द माना जाएगा जिन्होंने जुलाई,2016 की परीक्षाओं में मैनुअल टाइपराइटर तथा कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा दी थी उन्हें उसी साधन द्वारा ही परीक्षा भी देनी पड़ेगी। जैसे मैनुअल टाइपराइटर में मुख्य परीक्षा देने वालों को उसी में पूरक परीक्षा भी देनी होगी।

11. जिन परीक्षार्थियों के पास उनके मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों द्वारा जारी फोटो परिचय-पत्र नहीं है, उन परीक्षार्थियों को हिंदी टंकण/आशुलिपि परीक्षा के प्रवेश पत्रों पर फोटो लगाना अनिवार्य होगा। कृपया आवेदन-पत्रों को भेजने से पहले उनकी भली प्रकार जांच अवश्य करें जैसे परीक्षार्थी का नाम, पिता/पति का नाम, कार्यालय का पता, मैनुअल टाइपराइटर व कंप्यूटर पर परीक्षा देंगे आदि का उल्लेख साफ-साफ किया जाए, ताकि परीक्षा परिणाम व प्रमाण-पत्रों में होने वाली त्रुटियों से बचा जा सके।

जनवरी 2017 सत्र की हिंदी टंकण एवं आशुलिपि परीक्षा का कार्यक्रम निम्न प्रकार से हैः-

हिंदी टाइपलेखन परीक्षा की समय-सारणी तथा पूरक-।

| परीक्षा की तारीख | दिन | बैच | समय |
|---|---|---|---|
| 05.01.2017 | गुरुवार | I | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 05.01.2017 | गुरुवार | II | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |
| 06.01.2017 | शुक्रवार | III | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 06.01.2017 | शुक्रवार | IV | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |
| 09.01.2017 | सोमवार | V | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 09.01.2017 | सोमवार | VI | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |
| 10.01.2017 | मंगलवार | VII | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 10.01.2017 | मंगलवार | VIII | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |
| 11.01.2017 | बुधवार | IX | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 11.01.2017 | बुधवार | X | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |

हिंदी आशुलिपि परीक्षा की समय-सारणी

| परीक्षा की तारीख | दिन | बैच | समय |
|---|---|---|---|
| 16.01.2017 | सोमवार | I | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 16.01.2017 | सोमवार | I | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |
| 17.01.2017 | मंगलवार | II | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 17.01.2017 | मंगलवार | II | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |
| 18.01.2017 | बुधवार | III | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 18.01.2017 | बुधवार | III | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |
| 19.01.2017 | गुरुवार | IV | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 19.01.2017 | गुरुवार | IV | सायं 02.00से 04.00 बजे तक |

टंकण (पूरक-II)

| परीक्षा की तारीख | दिन | बैच | समय |
|---|---|---|---|
| 20.01.2017 | शुक्रवार | XI | प्रातः 10.00 से 10.30 बजे तक |
| 20.01.2017 | शुक्रवार | XII | प्रातः 11.00 से 11.30 बजे तक |

भवदीया,

9/9/16

( सुमन लाल )

उप निदेशक (परीक्षा)

कोड – chti1102

दिनांकः 9.9.2016

पृष्ठांकन संख्या 15/2/2016-उ.नि.(परीक्षा)/ 3572

प्रतिलिपि सूचनार्थः-

1. निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, सातवां तल, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ.कॉम्पलैक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली।
2. संयुक्त निदेशक (मुख्यालय), हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, सातवां तल, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ.कॉम्पलैक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली।

9/9/16

( सुमन लाल )

उप निदेशक (परीक्षा)

कोड chti1102